# मोदीराज

## नाम किसान विधेयक फायदा पूंजीपतियों का

जनज्वार फाउंडेशन

# किसान विधेयक पर जनता बुकलेट की जरूरत

जनज्वार के संवाददाताओं और साथियों ने 3 कृषि कानूनों के खिलाफ हो रहे व्यापक किसान आंदोलन को देश के अलग-अलग हिस्सों से कवर करते हुए महसूस किया कि सत्तापोषित मीडिया घरानों और सरकारी प्रचार तंत्र ने किसान विधेयक को लेकर अधकचरी और गलत जानकारियां बड़े स्तर पर प्रचारित-प्रसारित कर रखी हैं। देश की आम जनता को सही तरीके से पता नहीं है कि असल में इस कानून से भविष्य में क्या दिक्कतें आने वाली हैं। ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह केवल पंजाब और पंजाबी किसानों का मुद्दा है, बाकी देश पर इन तीनों विधेयकों का कोई असर नहीं पड़ेगा। छात्र-नौजवान या आम शहरी, नौकरीपेशा लोग तो सरकारी प्रचारतंत्र के इस कदर प्रभाव में हैं कि अतार्किक तरीके से इन कानूनों के फायदे गिनाने लगते हैं, जैसे एक समय में सत्तापोषित और सरकारी प्रचार तंत्र के बहकावे में आकर नोटबंदी के फायदे गिनाया करते थे। ऐसे में हमारी चिंता थी कि सही जानकारी देश के व्यापक हिस्से में कैसे पहुंचायी जाए। उसी मकसद से इस पुस्तिका को तैयार किया गया है। पुस्तिका तैयार करने में जनता के अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार और पटियाला यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर बलविंदर सिंह तिवाना का विशेष सुझाव रहा है। हमारी कोशिश होगी कि जनता से जुड़े मसलों पर जानकारीपरक पुस्तिकाएं अलग-अलग मुद्दों पर आप सबकी मदद से निकलती रहें।

---


**लेखक**

**डॉ. विद्यार्थी विकास एवं महेंद्र पांडेय**



**जनज्वार फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित**

**पता 168/5, वसुंधरा सेक्टर 16 बी**

**गाजियाबाद-201012, दूरभाष 0120-4999154**

Email : janjwarfoundation@gmail.com

**कुल पृष्ठ : 16**

**सहयोग राशि : 10 रुपये**

जनज्वार फाउंडेशन अपने अभियानों–आयोजनों और उद्यमों के जरिए जनजागरुकता और जनपक्षधरता के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी वैचारिक पक्षधरता का आधार देश की व्यापक जनता के मुद्दे हैं, जो उसकी रोजी–रोजगार, आजीविका–सम्मान और एक सक्षम नागरिक बनने से जुड़े हुए हैं। जनज्वार की कोशिश है कि समाज और अलग–अलग व्यवसायों से जुड़े विभिन्न तबकों में सकारात्मक भागीदारियों के जरिए देश के नागरिकों को हर स्तर पर जागरुक और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाए। आम नागरिकों की मजबूती ही एक बराबरी और सम्मान वाले राष्ट्र की पहली पहचान है और यही पहचान देश के हर नागरिक को राष्ट्रीय उन्नति में भागीदार बनाती है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनज्वार फाउंडेशन डिजिटल, प्रिंट और सामूहिक आयोजनों के तरीकों को अपनाता है। हमारी कोशिश है कि अपने अभियानों और प्रयासों का लाभ देश के उस अंतिम वंचित व्यक्ति तक पहुंचाया जाए जो अभी भी हाशिए पर पड़ा हुआ है।

## जनता की मीडिया

**जन ज्वार Janjwar**

website : janjwar.com, facebook : @janjwar
twitter : janjwar_com, YouTube : JanjwarMedia

# नरेंद्र मोदी, किसान विरोधी

## मोदी जी किसानों पर एक अहसान करो
## कि कोई अहसान मत करो